# डॉ0 भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** (सतीश मिश्रा) हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई को मनाया जाता है। इसी तिथि को पण्डित युगुल किशोर शुक्ल ने 1826 में प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन आरम्भ किया। इसी के उपलक्ष में डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग एवं मीडिया पार्टनर दैनिक भास्कर अखबार, विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह आगरा ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया पार्टनर दैनिक भास्कर अखबार, विचार गोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन 30 मई, 2025, प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक स्थान --जुबली हॉल, पालीवाल कैंपस, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में आयोजित किया जाएगा। जिसमें हिंदी पत्रकारिता के प्रथम समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड (30 मई, 1826) की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मनाए जाने वाले हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी और पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हिंदी पत्रकारिता के ऐतिहासिक और समकालीन महत्व को उजागर करने, पत्रकारों के सामाजिक योगदान को सम्मानित करने, और पत्रकारिता की सामाजिक जिम्मेदारी पर विचार-मंथन करने का एक अनुपम अवसर होगा। जिसमें उद्?घाटन, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. आशु रानी जी, कुलपति आगरा विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि ञ्श्रीमती बेबी रानी मौर्य जी, कैबिनेट मंत्री, उ.प्र. सरकार मुख्य वक्ता श्री अरविन्द मलप्पा बंगारी जी जिलाधिकारी आगरा विशिष्ठ अतिथि ̄ श्री सुग्रीव सिंह चौहान जी, सदस्य NDRI, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार, बीज वक्तव्य डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा, पूर्व विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता विभाग, स्वागत समिति अध्यक्ष प्रो. प्रदीप श्रीधर निदेशक चरूद्ध, स्वागत समिति सचिव ̄ धीरज शर्मा, ब्यूरो प्रमुख, दैनिक भास्कर, आगरा।

# यमुना नदी में डूबे दो बच्चे : 7 साल के मासूम को ग्रामीणों ने बचाया, 9 साल की बच्ची लापता



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फरह के रहने वाले श्यामबाबू का बेटा मनीष (7) वर्षीय और गिजौली गांव की सुनैना (9) वर्षीय यमुना नदी में नहाने गए थे। गुरुवार सुबह 10 बजे दोनों बच्चे नदी में डूबने लगे। ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मनीष को बचा लिया। मनीष पिछले 20 दिनों से अपने नाना पप्पू सिंह के घर गिजौली में रह रहा था। वहीं सुनैना मदन सिंह की बेटी है, जो पड़ोस में रहती है। नदी में डूबने के बाद सुनैना बहकर दूर निकल गई।थाना प्रभारी खंदौली राकेश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने सुनैना की तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस स्टीमर से भी खोजबीन की गई, लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चल सका।बचाए गए मनीष को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं सुनैना के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार बच्ची की तलाश जारी है।

# केनरा बैंक में शॉर्ट सर्किटः आग की लपटें उठने मचा हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** बोदला जगदीशपुरा रोड स्थित केनरा बैंक की शाखा में शार्ट सर्किट हो गया। चिंगारी से बैंक में आग लग गई। लपटें देखकर अफरा तफरी मच गई। आग की लपटें देख कर्मचारियों में दहशत फैल गई। बैंक कर्मियों ने परिसर को खाली कर दिया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। आवास विकास कालोनी के सेक्टर 1 स्थित केनरा बैंक में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। हादसा उस समय हुआ जब बैंक में बड़ी संख्या में ग्राहक मौजूद थे। अचानक आग भड़कने लगी। ये देख लोगों के हाथ पांव फूल गए। ग्राहकों के साथ बैंक कर्मचारियों ने परिसर को खाली कर दिया। तत्काल ही सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी आ गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

# ताजमहल में गर्मी से बिगड़ी पर्यटक की तबीयतः पश्चिमी गेट पर होने लगी उल्टियां, एंबुलेंस से भेजा अस्पताल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल में गर्मी से एक पर्यटक बीमार हो गया। ताज सुरक्षा पुलिस ने तुरंत पर्यटक को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में पर्यटक को इलाज मिला। जिसके बाद वो वापस राजस्थान लौट गया। राजस्थान के उदयपुर से ताजमहल देखने आए 17 वर्षीय पर्यटक नरेश मिनारिया पुत्र जगदीश चंद्र की ताजमहल देखने के बाद पश्चिमी गेट के बाहर आते समय तबीयत अचानक खराब हो गई। पर्यटक को बेचैनी और उल्टियां होने लगी। पर्यटक के तबीयत खराब होने की सूचना उसके साथियों द्वारा ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को दी गई। प्रभारी उप निरीक्षक शिवराज सिंह ने प्रभारी निरीक्षक तिलकराम भाटी के निर्देशन में ताजमहल पश्चिमी पार्किंग पर्यटक सुविधा केंद्र से डॉक्टर रिंकू बघेल और चालक भूरे सिंह को एम्बुलेंस के साथ तुरंत बुलाकर उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

**वापस लौट गया पर्यटक**

समय से इलाज मिल जाने के कारण पर्यटक के तबीयत में सुधार हुआ और वह राजस्थान के लिए लौट गया। पर्यटकों द्वारा आगरा पुलिस की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, उप निरीक्षक शुभम कुमार वर्मा, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार, महिला आरक्षी लक्ष्मी देवी और रिंकी यादव सम्मिलित है।

# बसई अरेला पुलिस द्वारा अवैध असलाह पर कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, देशी तमंचा बरामद



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना बसई अरेला पुलिस टीम व सर्विलांस सेल पूर्वी जोन द्वारा संयुक्त रूप से अवैध असलाह पर कार्यवाही करते हुये एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा, 04 अदद जिन्दा कारतस व 02 अदद मिस कारतस .315 बोर बरामद हुए। पुलिस कमिश्नरेट आगरा में अवैध असलाहों पर कार्यवाही व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस आयुक्त,आगरा दीपक कुमार के निर्देशन में, पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन सैयद अली अब्बास के कुशल नेतृत्व में, सहायक पुलिस आयुक्त पिनाहट वीरेंद्र कुमार के सफल पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष बसई अरेला अभिषेक तिवारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इसी क्रम में 29 मई को थाना बसई अरेला पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अरनौटा पर चैकिंग की जा रही थी दौराने चैकिंग पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये उटंगन पुल के पास से 01 अभियुक्त आनन्द ठाकुर उर्फ अजीत पुत्र रमेश निवासी ग्राम बृषंगपुरा थाना बाह को बिना नम्बर प्लेट बुलट मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमंचा, 04 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद मिस कारतूस .315 बोर बरामद हुये। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी आनंद ठाकुर पर पहले से अपराधिक मामले दर्ज हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी बसई अरेला अभिषेक तिवारी सर्विलांस सेल के प्रभाली गौरव बाल्यान चौकी प्रभारी अरनौटा नीरज त्रिपाठी उप निरीक्षक सचिन तोमर उप निरीक्षक निर्देश कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# भारत रत्न चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर किसानों ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण : दी श्रद्धांजलि


सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** गुरुवार को किसानों के मसीहा भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 38 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किरावली उप गल्ला मंडी स्थित चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।और कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चरण सिंह ने हमेशा किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया। वे एक ईमानदार और कर्मठ राजनेता थे। देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने सक्रिय भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में भी उन्होंने सराहनीय कार्य किए। चौधरी चरण सिंह का मानना था कि किसानों के उत्थान के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। वे अपनी वाकपटुता, ईमानदारी और दढ़ निर्णयों के लिए जाने जाते थे। उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार का श्रेय उन्हें जाता है। उन्होंने ग्रामीण कर्जदारों को राहत देने वाला ऋृण मुक्ति विधेयक तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। माल्यार्पण करने वालों में किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह फौरन सिंह इंदौलिया भूपेन्द्र इंदौलिया गंगाराम माहौर बाबूलाल वाल्मीकि गजेन्द्र इंदौलिया राजवीर प्रधान सत्यवीर सिंह चाहर मुकेश सविता श्याम सिंह इंदौलिया अरमान कुरैशी गोवर्धन सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# ईओ किरावली ने जेई को पत्र लिखकर लोहे के पोलों पर प्लास्टिक कवर चढ़ाने के दिए निर्देश

सांध्य पहल संवाददाता


कार्यालय नगर पंचायत किरावली जनपद आगरा

दिनांक -13/05/2025

अधिशासी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड किरावली आगरा।

विषय- दुधारू बकरी की लोहे के विद्युत पोल से हुई मृत्यु का मुआवजा दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

15/05/2025
प्रवीना सिंह
(अध्यक्ष)
नगर पंचायत किरावली आगरा

**आगरा।** नगर पंचायत किरावली के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद रजा नगर पंचायत के वार्ड नं 01 से लेकर 14 नंबर वार्ड तक सभी लोहे के विद्युत पोलो पर बारिश के मौसम को देखते हुए प्लास्टिक कवर लगाने को अधिशासी अभियंता विद्युत उपखंड किरावली को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं। अधिशासी अधिकारी मोहम्मद रजा ने बताया कि विगत 13 मई को वार्ड नं 14 मोहल्ला व्यापरियान में लोहे के विद्युत पोल में करंट आने से एक दुधारू बकरी की मौके पर ही मौत हो गई थीं। इस सम्बंध में सभासद दानिश कुरैशी ने मुझे मौखिक रूप से अवगत कराया था।इसको देखते हुए आगे ऐसी कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसको देखते हुए अधिशासी अभियंता किरावली को नगर के सभी वार्डों में लगे लोहे के पोलों पर प्लास्टिक सेफ्टी कवर चढाने के निर्देश दिए गए हैं।नगर पंचायत किरावली चेयरमैन प्रवीना सिंह इंदौलिया ने भी दुधारू बकरी का मुआवजा राशि दिलाने हेतु विद्युत विभाग को एक पत्र लिखा है।सभी कस्बा वासियों ने लोहे के विद्युत विभाग के पोलों पर बारिश के मौसम को देखकर प्लास्टिक कवर लगवाने हेतु किरावली चेयरमैन प्रवीना सिंह इंदौलिया ,एवं अधिशासी अधिकारी मोहम्मद रजा का आभार प्रकट किया हैं।

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर महिला सफाई कर्मियों का किया सम्मानः वीरांगना के जीवन परिचय से अवगत कराया



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** किरावली में अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर नगर पंचायत कार्यालय में महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत की महिला सफाई कर्मियों को माला, प्रशस्ति पत्र और पीपीई किट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम संयोजन उमाशंकर माहौल रहें। महिला मुख्य वक्ता ज्योति जादौन ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने अपनी बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता से एक मजबूत राज्य का निर्माण किया। ज्योति जादौन ने कहा कि अहिल्याबाई ने ऐसे समय में शासन संभाला, जब महिलाओं की भूमिका सीमित थी। उन्होंने समाज में व्याप्त गरीबी और अशिक्षा को दूर करने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि अभिजीत सिंह इंदौलिया, सभासद प्रेमसिंह इंदौलिया, रामनरेश इंदौलिया, आरके इंदौलिया, कमलेश सभासद, गुलाबो देवी सभासद, ममता सिंघल सभासद, रिहाना बेगम सभासद, गीतम सिंह सभासद, लाल बहादुर सभासद, लक्ष्मीकांत शुक्ला सभासद, मोहम्मद दानिश सभासद, शहीदो सभासद, पिंकी सरपंच, पवन इंदौलिया, डोरीलाल इंदौलिया,समाजसेवी भूप सिंह इंदौलिया विक्रम सहित नगर की महिला व सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# हमलावरों ने घर पर किया पथराव, वीडियो वायरलः 26 मई को जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में हुआ था विवाद



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव हसेला में दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। इसमें कुछ लोगों ने एक घर पर निशाना साधते हुए जमकर पथराव किया। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो रहा है। गांव हसेला निवासी चेतराम ने इस संबंध में थाना अछनेरा में एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, 26 मई को सुबह 8.30 बजे गांव के ही वीरेंद्र, सौरभ, प्रशांत, गौरव, छत्रपाल उर्फ रवी, प्रेम सिंह, मंतोष और मिथलेश लाठी डंडे लेकर उसके घर के सामने पहुंच गए। यहां उसकी जमीन पर कब्जे का प्रयास किया। शिकायककर्ता का आरोप है कि उसने और उसके परिजनों ने जब जमीन पर कब्जे का विरोध किया तो हमलावरों ने उन पर हमला बोल दिया।

**घर में घुसकर बोला हमला**

बचाव के लिए वे घर के अंदर भागे लेकिन हमलावर उनका पीछा करते हुए घर में घुस आए। चेतराम का आरोप है कि हमलावरों ने उनके घर में घुस कर परिजनों पर हमला बोल दिया। इसमें चेतराम की पत्नी ओमवती, भाई कल्याण और उसकी पत्नी सुनीता को गंभीर चोट आई।

**सिर और शरीर में आई चोटें**

तीनों के सिर और शरीर में काफी चोटें आईं। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसने हमलावरों को ललकारा तो उन्होंने उस पर भी हमला बोल दिया। शोर शराबा सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। भीड़ बढ़ती देख हमलावर फरार हो गए। चेतराम का कहना है कि उसी दिन वे थाने में पहुंचे थे। यहां से वे घायलों का मेडिकल कराने के लिए ब्लाक पर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचे। इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचे। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चेतराम का कहना है कि चोट लगने के कारण वे उसी दिन अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा सका था। इस संबंध में 27 मई को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# खनन माफियाओं के आगे विभागीय अधिकारी नतमस्तक : सरकार कोई भी हो पर खनन माफिया का रहता है दबदबा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खनन माफियाओं के आगे विभागीय अधिकारी नतमस्तक हैं खनन विभाग कुंभकरणीय की नीद में सो चुका है आंखों में मोतिया बिंद हो चुका है। उसे कुछ नहीं दिखाई देता केवल महीनेदारी जिस खनन माफिया से आती है वही दिखाई देता है। रात्रि के समय हाईवे पर अवैध वसूली दिखाई देती है लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा किया जाता है। खनन विभाग के अधिकारी फोन नहीं उठाते क्योंकि कोई भी शिकायत करता रहे उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता। खनन विभाग इतना भ्रष्ट हो चुका है के महीनेदारी करोड़ों के हिसाब से फिर चल रहा है ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को फिर से आगरा की जिम्मेदारी दी गई है। सूत्रों का कहना है कि कई दर्जन खनन माफिया जुड़े हुए हैं जो महीने दारी खनन विभाग को पहुँचाते हैं। बदनाम पुलिस विभाग होता है। पुलिस विभाग के भी अधिकारी कहते हैं कि जो विभाग का काम है उनके अधिकारी कार्रवाई नहीं करते तो हम क्यों करें मुख्य रूप से खनन विभाग के अधिकारियों का काम है। खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना लेकिन महीनेदारी चांदी के जूते के आगे सब कुछ भूल जाते हैं। बरहन क्षेत्र का गीतम यादव कई बरसों से मिट्टी खनन का कार्य करता है। लेकिन इसके खिलाफ किसी ने भी कार्रवाई नहीं की कितनी भी शिकायत करते रहो किसी पर कोई फर्क नहीं पड़ता जब खनन विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं करते तो पुलिस कार्रवाई क्यों करें पुलिस को भी कुछ पान फूल मिल जाते हैं। इसलिए चुप हो जाती है। दो दिन से लगातार वीडियो वायरल हो रहे हैं लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई करने की जरूरत नहीं समझी गरीब आम आदमी पर सभी की नजर रहती हैं। अपने खेत से अगर एक ट्रैक्टर ट्राली किस मिट्टी लेकर आता है तो पुलिस उसे पकड़ लेती है। उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। लेकिन खनन माफिया लगातार खनन करने में लगे हुए हैं किसी को नहीं दिखाई देता। आखिरकार उनके खिलाफ कब करवाई होगी खनन माफियाओं के द्वारा कई बार पुलिस वालों की हत्या की गई है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति होती है। और फिर वही हाल होने लगता है। गीतम है खनन माफिया जमाल नगर भैंस का रहने वाला गीतम यादव खनन माफिया है कई वर्षों से खनन का काम करता है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करता डंके की चोट पर कई दिनों से लगातार खनन चल रहा था लेकिन कार्रवाई नहीं की गई पुलिस कहती है कि हमारा काम नहीं है खनन विभाग के अधिकारी कार्रवाई नहीं करते तो हम क्यों करें आखिरकार कौन सा विभाग कार्रवाई करेगा।

# अवैध कब्जे करने की शिकायत पर सहायक नगर आयुक्त ने किया निरीक्षणः नगर निगम लगायेगा अपना बोर्ड



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** कमला नगर क्षेत्र में स्थित 1000 वर्गमीटर की खाली सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत मिलते ही नगर निगम अलर्ट मोड़ में आ गया । नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर गुरुवार दोपहर को सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने खाली पड़ी भूमि पर नगर निगम की संपत्ति के बोर्ड लगाने के निर्देश संपत्ति विभाग को दिए। निरीक्षण में पाया गया कि कमला नगर में यह भूखंड भू-अभिलेख गाटा संख्या 317/1/1 से 317/1/5 तक दर्ज है। निरीक्षण स्थल पर पहुंच कर सहायक नगर आयुक्त ने तुरंत निगम अधिकारियों को स्वामित्व संबंधी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। मौके पर निगम की ओर से एक बड़ा बोर्ड लगाया गया जिसमें साफ़-साफ़ लिखा है ङ्क ÷यह नगर निगम की संपत्ति है, अतिक्रमण वर्जित।

**नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं होगा : अंकित खंडेलवाल**

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने इस संबंध में कहा है कि नगर निगम की जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिकायत मिलने के तुरंत बाद ही अतिक्रमण निरोधक टीम को मौके पर भेजा गया था और यह कदम निगम संपत्ति की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि निगम खाली पड़ी भूमि का निरंतर सर्वेक्षण कराता रहेगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें।

